ISSN : 0505-5806

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

The Research Journal of
the Hindi Science Academy

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika

Vol. 45 October 2002 No.4

विज्ञान परिषद् प्रयाग

महर्षि दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद-211002

कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, उत्तर प्रदेश तथा कौंसिल ऑफ साइंटिफिक एण्ड
इण्डस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली के आर्थिक अनुदान द्वारा प्रकाशित

विषय-सूची

Vol. 45 October 2002 No.4

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 45, No. 4, October 2002.

अंतरिक्ष किरणें तथा भू-चुम्बकीय परिवर्तन पर परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन का लघु अवधि प्रभाव

जी. एन. सिंह
भौतिक शास्त्र विभाग,
सुदर्शन महाविद्यालय, लालगांव, रीवां (म. प्र.)
तथा
पंकज कुमार श्रीवास्तव
भौतिक शास्त्र विभाग,
शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय, रीवाँ (म. प्र.)

[प्राप्त —अप्रैल, 29, 2002]

सारांश

परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन (Coronal Mass Ejections CME) एक महत्त्वपूर्ण अन्तर्ग्रहीय घटना के रूप में व्याख्यायित हुआ है, जो 1AU पर अंतरिक्ष किरणों के बदलाव तथा भू-चुम्बकीय क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालता है। सौर कोरोना (Solar Corona) में प्रभावी परिवर्तन सी. एम. ई. द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, क्योंकि 10^{12} kg तक तत्त्व अन्तर्ग्रहीय माध्यम में इसके द्वारा प्रक्षेपित किया जाता है। अन्तर्ग्रहीय आकाश में इतनी बड़ी मात्रा में (10^{25} जूल) ऊर्जा के प्रक्षेपण से सौर पवन के घनत्व तथा चुम्बकीय संरचना में परिवर्तन उत्पन्न होता है। इस कार्य में सन् 1988 से 1993 की अवधि में परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन की घटनाओं का चुम्बकीय गतिविधि तथा अंतरिक्ष तरंग से सम्बन्ध का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में यह पाया गया है कि वे परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन की घटनाएं, जो B-प्रकार के सौर भभूका (Solar flare) से सम्बन्धित रहती हैं, भू-चुम्बकीय क्षेत्र में अधिक विक्षोभ (Disturbances) उत्पन्न करती हैं।

Abstract

Effect of coronal mass ejections on cosmic rays and geomagnetic changes on short-term basis. *By* G. N. Singh, Physics Department, Sudarshan College, Lalgaon, Rewa (M.P.) and Pankaj Kumar Shrivastava, Physics Department, Government New Science College, Rewa (M.P.).

Coronal Mass Ejections (CMEs) are described as a turbulent interplanetary phenomena at 1AU, which influence the modulation of cosmic rays as well as disturbances in geomagnetic field. CMEs represent large scale changes in the solar corona as upto 10^{12} kg of matter is expelled into interplanetary medium. Such a huge amount of energy (10^{25} J) propagates into interplanetary space and produces perturbation of the density and magnetic structure in the solar wind. In this work, we have studied the relation of Coronal Mass Ejection with geomagnetic activity and cosmic rays for the period 1988 to 1993. It has been found that the Coronal Mass Ejections in association with B-type solar flares produce maximum geomagnetic disturbances.

परिचय

परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन (Coronal Mass Ejection) को अब अन्तर्ग्रहीय माध्यम में एक महत्त्वपूर्ण कारक के रूप में समझा जाता है। सौर प्रभावित क्षेत्रों में व्यवधानों तथा परिवर्तनों को समझाने के लिए परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन का महत्त्वपूर्ण स्थान है क्योंकि इनके द्वारा अन्तर्ग्रहीय माध्यम में बहुत बड़ी मात्रा में ऊर्जा तथा द्रव्यमान प्रक्षेपित किया जाता है। प्रारंभिक चरण में यह समझा गया था कि भू-चुम्बकीय परिवर्तनों का कारण सौर भभूका (Solar flare) है किन्तु वर्तमान अध्ययनों में यह बात सामने आयी है कि परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन की घटनाएं अंतरिक्ष विज्ञान के शोध में एक नई उपलब्धि हैं जिनके द्वारा भू-चुम्बकीय क्षेत्र तथा उच्च ऊर्जा अंतरिक्ष तरंग (Cosmic wave) कण पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सकता है। सौर स्थैतिक भौतिकी (Solar-Terrestrial Physics) क्षेत्र में कई नवीनतम अन्वेषणों में भू-चुम्बकीय परिवर्तनों के मौलिक कारणों के रूप में परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं को पाया गया है।[1,2] कई अन्वेषणकर्ताओं द्वारा अंतरिक्ष किरण (Cosmic ray) के घटाव और परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं के घटित होने के बीच भी महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध स्थापित किये गये हैं। इस प्रपत्र में भू-चुम्बकीय क्षेत्र विचरण में लघु अवधि आकार में परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं के प्रभाव का विधिवत् अध्ययन प्रस्तुत किया गया है तथा अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए अंतरिक्ष किरण घटाव से परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं के सम्बन्ध को स्थापित किया गया है।

प्रयोगात्मक

परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं के आंकड़े सौर भूभौतिकी आंकड़ा पुस्तक (Solar

Geophysical data book) से लिए गए हैं जो मासिक रूप से नोआ (NOAA) वोल्डर, कोलेरेडो, अमेरिका से प्रकाशित होती है। हमने केवल उन्हीं परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं को चुना है जो लगातार या उससे अधिक घण्टों तक घटित हुई हैं। सन् 1988 से 1993 के बीच इस प्रकार की 125 घटनाओं को अध्ययन के लिए चुना गया है। अन्वेषण में ओलू फिन्लैण्ड के न्यूट्रान मॉनिटर के अंतरिक्ष किरणों के दैनिक प्रेक्षण का उपयोग किया गया है। इस शोधकार्य में हमने क्री-विश्लेषण (Chree analysis) की अध्यारोपण कालखण्ड विधि (Superposed Epoch Method) का उपयोग किया है।

परिणाम तथा विवेचना

प्रायः बहुत से परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन, 1AU की दूरी पर चुम्बकीय रस्सी (Magnetic rope) के लिए बड़ी और एक-वर्णी आंतरिक क्षेत्र घुमाव का व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। यहाँ ज्ञातव्य है कि सूर्य से पृथ्वी की दूरी IAU है। परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन न केवल सूर्य की सतह पर बल्कि अर्न्तग्रहीय आकाश में भी परिवर्तन करते हैं।[3] उदाहरणार्थ परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन (सी.एम.ई.) घटनाओं के साथ चुम्बकीय फ्लक्स रस्सी (Rope) संरचना में द्वि-दिशीय इलेक्ट्रान बहाव होता है। अन्तर्ग्रहीय आकाश में चुम्बकीय बादल घटनाओं (Magnetic cloud events) को भी परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन (सी.एम.ई.) का एक परिणाम या प्रदर्शन माना जाता है।

भू-चुम्बकीय क्षेत्र और लघु अवधि घटाव (अंतरिक्ष किरणों की तीव्रता पर) का एक कारण चुम्बकीय बादल घटनाएं और द्वि-दिशीय घटनाएं (बी.डी.ई.,एस.) भी हैं।[4] अन्तर्ग्रहीय आकाश में विक्षोभ उत्पन्न करने वाले सी.एम.ई. का चुम्बकीय बादल घटनाएं व्याख्या चित्र प्रस्तुत करते हैं। इसलिए इस व्याख्या को ध्यान में रखते हुए हमने चुम्बकीय क्षेत्र में सी.एम.ई. के पड़ने वाले प्रभाव का सांख्यिकीय विश्लेषण किया। इस कार्य में सौर भभूका से सम्बद्ध और असम्बद्ध चुम्बकीय गतिविधियों पर परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन के पड़ने वाले प्रभाव का अध्यारोपण-कालखण्ड विधि (Superposed Epoch Method) का क्री-विश्लेषण (Chree analysis) किया गया है। Ap सूचक को (चुम्बकीय विक्षोभ सूचक) भू-चुम्बकीय विक्षोभ के पैमाने के रूप में लिया गया है। सी.एम.ई. का प्रारंभ दिन शून्य दिन (Zero day) के रूप में लिया गया है। भू-चुम्बकीय विक्षोभ पर सौर भभूका (सी.एम.ई. से सम्बन्ध) के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए सभी सी.एम.ई. घटनाओं को निम्न तीन भागों में बांटा गया—

1. N–प्रकार के सौर भभूका से सम्बन्ध।
2. F–प्रकार के सौर भभूका से सम्बन्ध।
3. B–प्रकार के सौर भभूका से सम्बन्ध।

5 से 10 दिन तक के क्री-विश्लेषण (Chree analysis) का परिणाम तीन अलग-अलग भागों हेतु क्रमशः चित्र 1, 2 और 3 में चित्रित किया गया है। सन् 1988 से 1993 तक के लिए प्रत्येक

चित्र —1 : N-प्रकार के सौर भभूका तथा परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन का भूचुम्बकीय सूचकांक Ap के साथ अध्यारोपित कालखण्ड विश्लेषण के परिणाम दर्शाये गये हैं।

चित्र —2 : F-प्रकार के सौर भभूका तथा परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन का भूचुम्बकीय सूचकांक Ap के साथ अध्यारोपित कालखण्ड विश्लेषण के परिणाम दर्शाये गये हैं।

चित्र —3 : B-प्रकार के सौर भभूका तथा परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन का भूचुम्बकीय सूचकांक Ap के साथ अध्यारोपित कालखण्ड विश्लेषण के परिणाम दर्शाये गये हैं।

वर्ष हेतु यह विश्लेषण किया गया। सी.एम.ई. घटनाओं (B-प्रकार के सौर भभूका से सम्बन्ध) हेतु वर्ष सन् 1988 से सन् 1993 तक प्रत्येक वर्ष में भू-चुम्बकीय गतिविधियों में महत्त्वपूर्ण अधिकता देखी गई। शून्य कालखण्ड दिन से 2-3 दिन तक Ap का मान अधिकतम से थोड़ा बढ़ता है, उन N-प्रकार के सौर भभूका के लिए जो सी.एम.ई. घटनाओं से सम्बद्ध हैं। इसके विपरीत F-प्रकार के सौर भभूका के लिए कोई निश्चित परिणाम तक पहुँचना कठिन लगा।

चित्र —4 : उन द्रव्यमान उत्सर्जन परिज्वाला का जो कि सौर भभूका से सम्बन्धित नहीं हैं, अंतरिक्ष किरणों पर प्रभाव दर्शाया गया है।

परिणामतः हम यह कह सकते हैं कि सी.एम.ई. घटनाओं से सम्बन्ध B-प्रकार के सौर भभूका भू-चुम्बकीय विक्षोभ उत्पन्न करने में महत्त्वपूर्ण कारक हैं। आगे हमने ओलू न्यूट्रान मानीटर से प्रति घण्टे प्राप्त अंतरिक्ष किरण तीव्रता के मान को इस प्रकार छांटा जहाँ लघु अवधि अंतरिक्ष किरण घटाव (तीव्रता से) 3 प्रतिशत या इससे अधिक था। 125 सी.एम.ई. घटनाओं में से 66 उच्च चाल

सौर पवन (High speed solar wind) धारा से सम्बद्ध पायी गयीं, ठीक इतनी ही घटनाएँ अंतरिक्ष किरणों की तीव्रता में घटाव से भी सम्बद्ध पायी गयीं। गैलेक्टिक अंतरिक्ष किरण (Galactic cosmic ray) बदलाव के संवहन विस्तार (Convection diffusion) चित्र में उच्च चाल सौर पवन धारा महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पूर्व अध्ययनों में, अंतरिक्ष किरणों में तीव्र घटाव के लिए सौर भभूका मूल की उच्च चाल और पवन धारा को एक महत्त्वपूर्ण कारक पाया गया था।[5] यह सर्व ज्ञात है कि लघु-अवधि में अंतरिक्ष किरण घटाव उत्पन्न करने का महत्त्वपूर्ण कारक सौर भभूका है। अब हमने उन सी.एम.ई. घटनाओं को चुना जो सौर भभूका से सम्बद्ध नहीं थीं। ये घटनायें उसी प्रकार की अंतरिक्ष किरण तीव्र घटाव उत्पन्न करने के कारण के रूप में पायी गयीं जैसा कि चित्र–4 में दिखाया गया है। अन्तर्ग्रहीय झटकों के कारण लघु अवधि बदलाव होता है, जो सौर चुम्बकीय क्षेत्र अर्थात् सी.एम.ई. के पुनः व्यवस्थित होते समय सूर्य से बाहर की ओर निकलने वाले तत्त्व के द्वारा होता है।

निष्कर्ष

इस विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि—

1. परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन जो कि B–प्रकार के सौर भभूका से सम्बन्धित है, उसके कारण भू-चुम्बकीय विक्षोभ उत्पन्न होते हैं।
2. ऐसी चुम्बकीय गतिविधियों में कम विक्षोभ पाया गया जो F–प्रकार के सौर भभूका के साथ परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन से सम्बन्धित थी।
3. अंतरिक्ष किरण तीव्रता से लघु अवधि तीव्र घटाव के लिए भी परिज्वाला द्रव्यमान उत्सर्जन घटनाओं को एक कारक घटक के रूप में पाया गया।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखकगण आंकड़ा उपलब्ध कराने के लिए विश्व आंकड़ा केन्द्र-ए (World data centre-A) वाल्डर, क्लोरोडो, यू. एस. ए. को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। अंतरिक्ष किरण के ओलू न्यूट्रान मानीटर आंकड़ों हेतु स्वत्र. एच. एन. कानन, भौतिक विभाग, ओलू विश्वविद्यालय, फिन्लैण्ड के लिए भी लेखक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। एक लेखक (पंकज कुमार श्रीवास्तव) 27वीं अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष किरण संगोष्ठी, हेमबर्ग, जर्मनी के उन सहभागियों को आभार व्यक्त करता है जिनसे महत्त्वपूर्ण विचार-विमर्श व सुझाव प्राप्त हुए।

निर्देश

1. गोस्लिंग, जे. टी., मैक्मास, डी. जे., फीलिप्स, जे. एल., तथा बामें, जे. जे. : जर्न. जियोफिजिकल रिसर्च, 1991, 96 क्रं. A5, 7831.

2. श्रीवास्तव, पी. के. : प्रोसीडिंग, 27वीं अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष किरण संगोष्ठी, हेम्बुर्ग, जर्मनी 2001, 8, 3425.

3. गोल्सिंग, जे. टी. : जर्न. जियोफिजिकल रिसर्च, 1993, 98, 18937.

4. कौशिक, एस. सी. तथा श्रीवास्तव, पी. के. : विज्ञान परिषद अनुसंधान पत्रिका 1999, 42 (3) 159.

5. श्रीवास्तव, पी. के. तथा शुक्ला, आर. पी. : सोलर फिजिक्स, 1994, 154, 177.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 45, No. 4, October 2002.

आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों का क्लोर ऐमीन-टी अभिकर्मक द्वारा परिमापन

अशोक तिवारी तथा ईश्वर चन्द्र शुक्ल
रसायन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ. प्र.)

[प्राप्त — मई 24, 2002]

सारांश

इस शोधपत्र में कुछ आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के मिलीग्राम परिमापन हेतु क्लोर ऐमीन टी का उपयोग करते हुए द्रुत तथा कृषि सुविधाजनक विधि का वर्णन किया गया है। आर्गेनोफास्फेट यौगिकों के 1-5 मिलीग्राम को कमरे के ताप (27°C) पर ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल की उपस्थिति में 0.1 N क्लोरऐमीन-टी अभिकर्मक के आधिक्य से 10 मिनट तक अभिक्रिया करायी जाती है। अभिक्रिया की समाप्ति के बाद अनप्रयुक्त अभिकर्मक को मानकीकृत 0.1 N सोडियम थायोसल्फेट विलयन के साथ स्टार्चसूचक की सहायता से अनुमापित किया जाता है। प्रयुक्त अभिकर्मक द्वारा कीटनाशकों की मात्रा का आकलन किया जाता है। इस विधि का उपयोग मैलाथियान, डाइमेथोएट, ईथायन तथा फोरेट यौगिकों के मानक तथा उनके सूत्रण नमूनों के परिमापन में किया गया है। इस विधि द्वारा प्राप्त परिणाम ± 1.0% त्रुटि के अन्दर हैं।

Abstract

Estimation of some organophosphate insecticides with chloramine-T reagent. *By.* Ashok Kumar Tiwari and Ishwar Chandra Shukla, Department of Chemistry, University of Allahabad. Allahabad (U.P.).

A quick and convenient method using Chloramine-T reagent has been developed for the estimation of some organophosphate insecticides. Aliquots containing 1-5 mg of the sample are allowed to react with a calculated excess of 0.1 N Chloramine-T reagent in the presence of

glacial acetic acid for 10 minutes at room temperature (27°C). After the reaction is over, the unconsumed reagent is back titrated with standardised 0.1 N solution of sodium thiosulphate to starch end point. The method is applied for the estimation of malation, dimethoate, ethion and phorate in technical preparations and their formulations. The results are within the error ± 1.0%.

आर्गेनोफास्फेट यौगिकों को घरेलू बागबानी, सब्जियों तथा फलों में नाशक जीवों तथा नाशक रोगों के नियंत्रण हेतु विशेष रूप से प्रयुक्त किया जाता है। इन यौगिकों की कीटनाशी तथा पीड़कनाशी (महामारी नाशक) उपयोगिताओं के कारण इनके परिमापन के लिए द्रव वर्णलेखी[1], विभवमूलक[2], द्रव्यमान स्पेक्ट्रममितीय[3], गैस वर्ण लेखी[4-6] तथा उच्च निष्पादन द्रव वर्ण लेखी[7] विधियाँ प्रयुक्त की जा चुकी हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र में कुछ आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के मिलीग्राम परिमापन के लिए एक साधारण अनुमापनी विधि का वर्णन किया जा रहा है। इस विधि से मैलाथियन, डाइमेथोएट, ईथियान तथा फोरेट यौगिकों के मानक तथा उनके सूत्रण नमूनों का अम्लीय माध्यम में क्लोरऐमीन-टी अभिकर्मक द्वारा परिमापन किया गया है।

प्रयोगात्मक

अभिकर्मक और विलयन : क्लोरऐमीन-टी विलयन 0.1 N) :— 7.0425 ग्राम क्लोरऐमीन-टी (मे तथा बोकर) अभिकर्मक तौल कर 250 मिली. आयतनी फ्लास्क में आसुत जल द्वारा घोला गया। प्राप्त विलयन को मानकीकृत 0.1 N सोडियम थायोसल्फेट विलयन से आयोडोमिति विधि द्वारा अनुमानित करके अभिकर्मक का मानकीकृत विलयन प्राप्त किया गया।

सोडियम थायोसल्फेट विलयन (0.1 N) : 24.8180 ग्राम सोडियम थायोसल्फेट (बी. डी. एच.) को 1000 मिली आयतनी फ्लास्क में आसुत जल द्वारा घोलकर विलयन को प्रारम्भिक कॉपर सल्फेट के मानकीकृत विलयन से आयोडोमिति विधि द्वारा अनुमानित करके मानकीकृत विलयन प्राप्त किया गया।

कापर सल्फेट विलयन (0.1 N) : 6.2425 ग्राम कॉपर सल्फेट (जी. आर.) को 250 मिली आयतनी फ्लास्क में आसुत जल से घोलकर विलयन बनाया गया। इस विलयन में तनु सल्फ्यूरिक अम्ल की अल्प मात्रा (5 मिली) मिलाई गई जिससे जलअपघटन न हो।

पोटैशियम आयोडाइड (10%) एवं स्टार्च (2%) के भी जलीय विलयन तैयार किये गये। ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल (मर्क) बिना किसी तनुता के प्रयुक्त किया गया।

मानक तथा सूत्रण नमूनों का विलयन : आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के मानक नमूनों का विलयन बनाने के लिए नमूनों के 100 मिलीग्राम को एक छोटे बीकर में ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल की थोड़ी मात्रा (10 मिली) में घोला गया। विलयन को 100 मिली के आयतनी फ्लास्क में स्थानान्तरित

करके विलायक द्वारा बीकर को धोकर आयतनी फ्लास्क में मिलाया तथा ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल द्वारा ही विलयन को 100 मिली की तनुता तक बनाया गया। इस प्रकार प्राप्त विलयन मानक नमूने का 1 मिग्रा/मिली (अनुमानतः) सान्द्रता का विलयन तैयार हो जाता है।

इसी प्रकार सूत्रण नमूनों के स्टाक विलयन बनाये गये। सूत्रण नमूनों की 100 मिग्रा मात्रा एक छोटे बीकर में ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल की थोड़ी मात्रा में घोली गई। विलयन को भारात्मक फिल्टर पत्र द्वारा 100 मिली के आयतनी फ्लास्क में छानकर अविलेय भाग को तिरस्कृत कर दिया गया। फिल्टर पत्र और कीप को विलायक द्वारा धोकर आयतनी फ्लास्क में स्थानान्तरित किया गया तथा ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल द्वारा ही विलयन को 100 मिली तक तनु करके 1 मिग्रा/मिली (अनुमानतः) की सान्द्रता का विलयन बनाया गया है।

विधि : नमूने के 1-5 मिलीग्राम संखंड को 100 मिली के फ्लास्क में लेकर 5 मिली 0.1 N क्लोरऐमीन-टी अभिकर्मक तथा 5 मिली. ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल मिलाया गया। फ्लास्क की डाट बन्द करके मिश्रण को पूर्णतया हिला करके कमरे के ताप (25-27°C) पर आवश्यक समय तक अभिक्रिया हेतु रखा गया। अभिक्रिया की समाप्ति के बाद फ्लास्क की आन्तरिक दीवार को 2 मिली ग्लैशियल ऐसीटिक अम्ल द्वारा धोकर पूर्णतया हिलाया गया। इस अभिक्रिया मिश्रण में 5 मिली पोटैशियम आयोडाइड (10%) विलयन मिलाकर एक मिनट तक रखा, फिर अभिक्रिया मिश्रण को 0.1 N सोडियम थायोसल्फेट विलयन के सापेक्ष स्टार्च सूचक की सहायता से अनुमापित किया गया। समान परिस्थिति में एक रिक्त (Blank) प्रयोग भी किया गया जिसमें नमूने को छोड़कर सभी अभिकर्मक प्रयुक्त किये गये।

$$\text{नमूने की मिलीग्राम में मात्रा} = \frac{MN(B - S)}{2n}$$

जहाँ,

M = नमूने का अणुभार

N = सोडियम थायोसल्फेट विलयन की नार्मलता

B = रिक्त प्रयोग में सोडियम थायोसल्फेट विलयन का आयतन

S = वास्तविक प्रयोग में सोडियम थायोसल्फेट विलयन का आयतन

n = नमूने के एक मोल हेतु प्रयुक्त क्लोरामाइन-टी के मोलों की संख्या

परिणाम तथा विवेचना

अभिक्रिया हेतु उचित परिस्थिति निर्धारण के लिए समय, अभिकर्मक की सान्द्रता एवं मात्रा तथा ताप का अध्ययन किया जाता है। सर्वप्रथम अभिक्रिया के उचित समय का निर्धारण किया गया। इस अध्ययन में यह पाया गया कि मैलाथियान, डाइमेथोएट एवं फोरेट के मानक तथा सूत्रण

सारणी 1

आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के मानक तथा उनके सूत्रण नमूनों का अम्लीय माध्यम में क्लोर ऐमीन-टी अभिकर्मक द्वारा परिमापन

क्र० सं०	नमूने	संखंड (मिली)	उपास्थित मात्रा (मिग्रा०)	आभिक्रिया समय (मिनट)	आकलन द्वारा प्राप्त मात्रा (मिग्रा)	स्टाइकियोमेट्री	त्रुटि (%)	मानक विचलन (SD)	विचरण गुणांक (C.V.) (%)
1.	मैलाथियान मानक (95%)	1.0	0.95	10	0.9410	2	–0.95	0.00016	0.0170
		3.0	2.85		2.8291		–0.73	0.00036	0.0127
		5.0	4.75		4.7279		–0.46	0.00081	0.0171
(c)	मैलाथियान ई० सी० (50 %)	1.0	0.50	10	0.4952	2	–0.96	0.00020	0.0404
		3.0	1.50		1.4885		–0.77	0.00051	0.0343
		5.0	2.50		2.4890		–0.44	0.00080	0.0321
(b)	मैलाथियान डब्लू० पी० (25%)	1.0	0.25	10	0.2478	2	–0.88	0.00025	0.1009
		3.0	0.75		0.7442		–0.77	0.00045	0.0605
		5.0	1.25		1.2444		–0.45	0.00078	0.0627
2.	डाइमेथोएट मानक (90 %)	1.0	0.90	10	0.8914	2	–0.95	0.00035	0.0393
		3.0	2.70		2.6788		–0.78	0.00085	0.0317
		5.0	4.50		4.4778		–0.49	0.00131	0.0293
(c)	डाइमेथोएट ई० सी० (20 %	1.0	0.20	10	0.1981	2	–0.95	0.00010	0.0505
		3.0	0.60		0.5959		–0.68	0.00041	0.0688
		5.0	1.00		0.9960		-0.40	0.00080	0.0803

सारणी 1 क्रमशः

सारणी 1 का शेष

क्र० सं०	नमूने	संखंड (मिली)	उपास्थित मात्रा (मिग्रा०)	आभिक्रिया समय (मिनट)	आकलन द्वारा प्राप्त मात्रा (मिग्रा)	स्टाइकियोमेट्री	त्रुटि (%)	मानक विचलन (SD)	विचरण गुणांक (C.V.) (%)
3.	ईथायन मानक (95%)	1.0	0.95	15	0.9408	4	–0.96	0.00025	0.0266
		3.0	2.85		2.8292		–0.73	0.00092	0.0325
		5.0	4.75		4.7269		–0.48	0.00182	0.0385
(a)	ईथायन ई० सी० (20%)	1.0	0.20	15	0.1982	4	–0.90	0.00016	0.0807
		3.0	0.60		0.5963		–0.62	0.00031	0.0519
		5.0	1.00		0.9965		–0.35	0.00050	0.0502
4.	फोरेट मानक (97%)	1.0	0.97	10	0.9609	2	–0.94	0.00020	0.0208
		3.0	2.91		2.8878		–0.76	0.00076	0.0263
		5.0	4.85		4.8271		–0.47	0.00110	0.0228
(a)	फोरेट ई० सी० (25%)	1.0	0.25	10	0.2478	2	–0.88	0.00020	0.0807
		3.0	0.75		0.7443		–0.76	0.00050	0.0672
		5.0	1.25		1.2431		–0.55	0.00076	0.0611

* प्रत्येक मान नौ परिमापित मानों का औसत है।

नमूनों के परिमापन में क्रमशः 10 मिनट तथा 15 मिनट का समय उपयुक्त है। अधिक समय तक अभिक्रिया कराने से भी प्राप्त परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। कम समय तक अभिक्रिया कराने से अयथार्थ परिणाम प्राप्त होते हैं, क्योंकि कम समय में अभिक्रिया पूर्ण नहीं हो पाती।

आर्गेनोफास्फेट समूह के यौगिकों के परिमापन में क्लोरऐमीन-टी अभिकर्मक की सान्द्रता और मात्रा का अध्ययन भी किया गया। इस अध्ययन द्वारा 0.1 N सान्द्रता का अभिकर्मक अभिक्रिया हेतु उपयुक्त पाया गया। इससे कम और अधिक सान्द्रता का अभिकर्मक अयथार्थ परिणाम प्रदान करता है। इसी प्रकार अभिकर्मक की मात्रा के प्रभाव का भी अध्ययन किया गया तथा यह पाया गया कि इसकी 5 मिली. मात्रा अभिक्रिया हेतु पर्याप्त है। अभिकर्मक की मात्रा कम होने से अभिक्रिया अपूर्ण रहती है तथा अत्यधिक होने से अभिकर्मक का ह्रास होता है।

अभिक्रिया पर ताप के अध्ययन से पाया गया कि सामान्य ताप (25°C – 27°C) ही उचित है। कम (0°C से 20°C) पर अभिकर्मक का आयनीकरण अपूर्ण रहता है। अतः अभिक्रिया संपन्न न होने के कारण आकलन द्वारा यथार्थ से कम परिणाम प्राप्त होता है। इसी प्रकार ताप बढ़ाने पर भी अभिकर्मक विघटित हो जाता है, जिससे अशुद्ध परिणाम प्राप्त होते हैं।

उपर्युक्त अध्ययन द्वारा प्राप्त परिस्थितियों में आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के परिमापन के परिणाम सारणी-1 में दिये गये हैं।

$$(CH_3O)_2P(=S)\cdot S\cdot CH(COOC_2H_5)CH_2COOC_2H_5 + 2\ Ts.N.NaCl + 2H_2O \xrightarrow[\text{ग्लै० ऐसीटिक अम्ल}]{[O]}$$

(मैलाथियान) (क्लोरऐमीन-टी)

$$(CH_3O)_2P(=O)\cdot S\ CH(COOC_2H_5)CH_2COOC_2H_5 + 2\ Ts.NH_2 + 2NaCl + SO_2$$

(ऑक्सीकृत मैलाथियान)

अभिक्रिया के अन्तर्गत सम्भावित क्रिया-विधि का अनुमान अभिकर्मक की क्रियाशीलता तथा आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों की संरचना एवं प्रयुक अभिकर्मक की स्टॉइकियोमेट्री को ध्यान में रखकर किया गया है। इस विषय पर उपलब्ध साहित्य तथा अभिक्रिया द्वारा प्राप्त उत्पादों के पृथक्करण एवं पहचान को आधार बनाया गया है। मैलाथियान की अभिक्रिया सम्पूर्ण होने में 10 मिनट का समय

लगता है तथा अभिकर्मक के दो मोल प्रयुक्त होते हैं। यौगिक की संरचना को देखते हुए निम्न अभिक्रिया-विधि दी जा सकती है।

इसी प्रकार डाइमेथोएट की क्रियाविधि भी दर्शायी जा सकती है।

$$(CH_3O)_2\overset{S}{\overset{\|}{P}}.SCH_2\,CONHCH_3 + 2\,Ts.N.NaCl + 2H_2O \xrightarrow[\text{ग्लै० ऐसीटिक अम्ल}]{[O]}$$

(डाइमेथोएट) (क्लोरऐमीन-टी)

$$(CH_3O)_2\overset{O}{\overset{\|}{P}}.SCH_2\,CONH\,CH_3 + 2\,Ts.NH_2 + 2NaCl + SO_2$$

(ऑक्सीकृत डाइमेथोएट)

अगला कीटनाशी, जो कि संरचना में उपर्युक्त यौगिकों से मिलता जुलता है, उसकी भी क्रियाविधि निम्नवत् है—

$$(C_2H_5O)_2\overset{S}{\overset{\|}{P}}\,SCH_2\,S\,C_2H_5 + 2\,Ts.N.NaCl + 2H_2O \xrightarrow[\text{ग्लै० एसीटिक अम्ल}]{[O]}$$

(फोरेट) (क्लोरऐमीन-टी)

$$(C_2H_5O)_2\overset{O}{\overset{\|}{P}}\,SCH_2\,SC_2H_5 + 2\,Ts.NH_2 + 2NaCl + SO_2$$

(ऑक्सीकृत फोरेट)

ईथायन की संरचना कुछ भिन्न है, अतः इसकी अभिक्रिया 15 मिनट में सम्पूर्ण होती है तथा अभिकर्मक के 4 मोल प्रयुक्त होते हैं। इसकी क्रियाविधि इस प्रकार है।

$$(C_2H_5O)_2P(=S)S.CH_2\,S.P(=S)(OC_2H_5)_2 + 4\ Ts.N.NaCl + 4H_2O \xrightarrow[\text{ग्लै. ऐसीटिक अम्ल}]{2\ [O]}$$

(ईथायन) (क्लोरामाइन-टी)

$$(C_2H_5O)_2P(=O)S.CH_2\,S.P(=O)(OC_2H_5)_2 + 4\ Ts.N\ H_2 + 4NaCl + 2SO_2$$

(ऑक्सीकृत ईथायन)

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखकद्वय 'इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड लखनऊ' के प्रति आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने आर्गेनोफास्फेट कीटनाशकों के मानक तथा सूत्रण नमूनों को निःशुल्क प्रदान करके इस शोधकार्य को सफल बनाने में सहायता की।

निर्देश

1. मार्टी, जे. एल., मिओनेटो लैकोर्ट, एस. तथा बार्सेलो, डी. : Anal. Chim. Acta, 1995, 311 (3), 265-271.
2. रिस्टोरी, सी. डेल, सी. सी., मार्टिनी, एम., बार्बेरो, ए. तथा आन्कारानी, ए. : Anal. Chim. Acta, 1996, 325 (3), 151-160.
3. कोमोल प्रासेर्ट, वी., लासन, ए. आर. तथा हारग्रेव्स : J. Agric. Food Chem., 1995, 43 (8), 1963-1965.
4. ली, एक्स. पी., कुमाजावा, टी. साटो, के. तथा सुजुकी, ओ. : Chromatographia, 1996, 42 (3-4), 135-140.
5. मिलियाडिस, जी. ई. : Bull Environ. Contam. Toxicol. : 1995, 54 (6), 837-840.
6. गोमेज, सी. जी., आफक्के मार्टिनेज, एम. आई., रोमेरो, जे. एल. तथा निजकाया, एम. ए. : Bull. Environ. Contam. Toxical., 1995, 55 (3), 431-438.
7. वेनमोसा, ए., लाकौट, जे. एल., लोइसी, पी. आर. तथा माइको, एम. : Chromatographia, 1996, 42 (3-4), 177-180.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 45, No. 4, October 2002.

तीन चरों वाले श्रीवास्तव के हाइपरज्यामितीय फलन के मूल अनुरूप के समापन हेतु कतिपय संकलन सूत्र

आर. के. सक्सेना तथा आर. के. गुप्त
गणित तथा सांख्यिकी विभाग, जय नारायण व्यास, विश्वविद्यालय जोधपुर (राज.)

[प्राप्त — अप्रैल 24, 2002]

सारांश

इस प्रपत्र में तीन चरों वाले श्रीवास्तव के हाइपरज्यामितीय फलन के मूल अनुरूप के समापन हेतु कतिपय संकलन सूत्रों को प्राप्त किया गया है।

Abstract

On certain summation formulae for terminating basic analogue of Srivastava's hypergeometric function of three variables. *By* R. K. Saxena and R. K. Gupta, Department of Mathematics and Statistics, Jai Narain Vyas University, Jodhpur (Raj.).

This paper deals with the derivation of certain summation formulae for terminating basic analogue of Srivastava's[14] hypergeometric function of three variables which provides an elegant generalization of certain results due to Denis.[5]

1. प्रस्तावना

हाल ही में सरन[8] ने सार्वीकृत कैम्पे द फेरी श्रेणी के समापन के लिए कुछ ज्ञात परिणामों की स्थापना की है जिनमें कार्लिट्ज[4], सरन[7] तथा सिंघल[8] के ज्ञात परिणाम सम्मिलित हैं। इस प्रपत्र में तीन चरों वाले श्रीवास्तव के हाइपरज्यामितीय फलन के मूल अनुरूप के समापन हेतु कुछ परिणामों को स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

इन परिणामों से तीन चरों वाले श्रीवास्तव के हाइपरज्यामितीय फलन के मूल अनुरूप पर नाना प्रकार के संकलनों को निगमित किया जा सकता है।

2. संकेतन तथा परिभाषाएं

इस प्रपत्र में सर्वत्र निम्नांकित संकेतनों तथा परिभाषाओं को व्यवहृत किया जावेगा।

$$[a;q]_n = (1-a)(1-aq)\left(1-aq^2\right)\cdots\left(1-aq^{n-1}\right)$$

$$[a;q]_0 = 1,\ |q| < 1$$

वास्तविक या संमिश्र के समस्त मानों के लिए। यही नहीं, प्राचल (a) से A-प्राचलों $a_1, a_2, a_2, \ldots a_A$ का अनुक्रम सूचित होता है तथा A = 0 प्राचलों की अनुपस्थिति सूचित करता है

तथा $\pi\left[\begin{matrix} a; \\ b; \end{matrix}\ q\right]$ का उपयोग

$$\overset{\infty}{\underset{n=0}{\pi}} \frac{(1-aq^n)}{(1-bq^n)}$$ को सूचित करने के लिए किया जावेगा।

तीन चरों वाले श्रीवास्तव के हाइपरज्यामितीय फलन के मूल अनुरूप को श्रीवास्तव ने निम्न रूप में परिभाषित किया है। (देखें श्रीवास्तव तथा कार्लसन पृष्ठ 44 भी)।

$$\phi(3)\left[\begin{matrix} (a) :: (b); (c); (d) : (e); (f); (g); q, x, y, z \\ (a') :: (b'); (c'); (d') : (e'); (f'); (g'); q^{\lambda} \end{matrix}\right]$$

$$= \sum_{m,n,p \geq 0} \frac{[(a);q]_{m+n+p}\,[(b);q]_{m+n}\,[(c);q]_{n+p}\,[(d);q]_{p+m}}{[(a');q]_{m+n+p}\,[(b');q]_{m+n}\,[(c');q]_{n+p}\,[(d');q]_{p+m}}$$

$$\times \frac{[(e);q]_m\,[(f);q]_n\,[(g);q]_p\,x^m y^n z^p q^{\lambda p(p+1)/2}}{[(e');q]_m\,[(f');q]_n\,[(g');q]_p\,[q;q]_m[q;q]_n[q;q]_p}$$

$$(|x|, |y|, |z|, |q| < 1) \tag{2.1}$$

जहाँ $\lambda > 0$, $|x|, |y|, |z|, |q| < 1$ जब $\lambda = 0$ तो हम $\phi(3)$ संकेतन से q^{λ} को छोड़ देते हैं।

सार्वीकृत मूल हाइपरज्यामितीय फलन को निम्नवत् परिभाषित किया जाता है—

$$ {}_A\phi_B\left[\begin{matrix}(a)\,;\ q,\ z\\ (b)\,;\ q^{\lambda}\end{matrix}\right]=\sum_{n=0}^{\infty}\frac{[(a)\,;\ q]_n\ z^n\ q^{\lambda n(n+1)/2}}{[(b)\,;\ q]_n\ [q\,;\ q]_n} \tag{2.2}$$

जहां $\lambda > 0$ या $|z| < 1$ जब $\lambda = 0$ जिस दशा में हम सामान्य मूल हाइपरज्यामितीय फलन प्राप्त कर सकते हैं और जब ϕ संकेतन से संकेत q^{λ} को छोड़ सकते हैं।

परिणामों की स्थापना हेतु निम्नांकित संकलन सूत्रों की आवश्यकता पड़ेगी—

$$ {}_3\phi_2\left[a,\ b,\ q^{-n}\,;\ c,\ abq^{1-n}/c\,;\ q,\ q\right]$$

$$=\frac{[c/a\,;\ q]_n\ [c/b\,;\ q]_n}{[c\,;\ q]_n\ [c/ab\,;\ q]_n} \tag{2.3}$$

$$ {}_5\phi_4\left[\begin{matrix}a,\ q\sqrt{a},\ -q\sqrt{a},\ b,\ q^{-m}\,;\ q,\ q\\ \sqrt{a},\ -\sqrt{a},\ qa/b,\ b^2q^{2-m}\end{matrix}\right]$$

$$=\frac{[a/qb^2\,;\ q]_m\ [1/qb\,;\ q]_m\ [a/b^2\,;\ q]_{2m}}{[qa/b\,;\ q]_m\ [1/qb^2\,;\ q]_m\ [a/qb^2\,;\ q]_{2m}} \tag{2.4}$$

आगे जो कुछ दिया जा रहा है, उसमें अन्य संकेतों के अर्थ पूर्ववत् होंगे जब तक कोई उल्लेख न किया गया हो।

3. मुख्य परिणाम

इस अनुभाग में हम निम्नांकित सामान्य परिणामों की स्थापना करेंगे—

$$\phi^{(3)}\left[\begin{matrix}q^{-m}\ ::\ (b')\,;\ \gamma q^{m}/\alpha,\ \gamma q^{m}/\beta,\ (c)\,;\ (d')\ :\ \alpha,\ \beta\,;\ (f)\,;\ (g)\,;\ q,\ q,\ y,\ z\\ \gamma q^{m}\ ::\ (b')\,;\ \gamma q^{m}/\alpha\beta,\ (c')\,;\ (d')\ :\ q^{1-2m}\,\alpha\beta/\gamma\,;\ (f')\,;\ (g')\,;\ q^{\gamma}\end{matrix}\right]$$

$$= \frac{[\gamma/\alpha ; q]_{2m} [\gamma/\beta ; q]_{2m} [\gamma ; q]_m [\nu/\alpha\beta ; q]_m}{[\gamma ; q]_{2m} [\gamma/\alpha\beta ; q]_{2m} [\gamma/\alpha ; q]_m [\gamma/\beta ; q]_m}$$

$$\times \left[\begin{matrix} (c), q^{-m} : (f) ; (g) ; q, y, z \\ (c') : (f') ; (g') ; q^{\gamma} \end{matrix} \right] \tag{3.1}$$

$$\phi^{(3)} \left[\begin{matrix} q^{-m} :: (b') ; q^2/\beta ; q^{m+2} \beta^2/\alpha, (c), \left\{ q\beta^2/\alpha, q^2 \beta 2/\alpha \right\} ; (d') : \\ q^{m+2} \beta^2 :: (b') ; \beta/\alpha, (c'), \left\{ \beta^2 q^2/\alpha' ; \beta^2 q^2/\alpha \right\} ; (d') : \end{matrix} \right.$$

$$\left. \begin{matrix} \alpha, q\sqrt{\alpha}, -q\sqrt{\alpha}, \beta q^m ; (f) ; (g) ; q, q, y, z \\ \sqrt{\alpha}, -\sqrt{\alpha}, q^{1-m} \alpha/\beta ; (f') ; (g') ; q^{\lambda} \end{matrix} \right]$$

$$= \frac{\left| q\beta^2/\alpha ; q \right|_{2m} \left| \beta q^2 ; q \right|_m \left| \beta^2 q^2 ; q \right|_m}{\left| q^2 \beta^2/\alpha ; q \right|_m \left| \beta/\alpha ; q \right|_m \left| q^2 \beta^2 ; q \right|_{2m}}$$

$$\times \phi \left[\begin{matrix} (c), q^{-m} : (f) ; (g) ; q, y, z \\ (c') : (f') ; (g') ; q^{\lambda} \end{matrix} \right] \tag{3.2}$$

(मझले कोष्ठकों में दिए गये प्राचल आधार q2 पर हैं)

(3.1) को सिद्ध करने के लिए हम देखते हैं कि इसके वाम पक्ष को निम्नवत् लिखा जा सकता है—

$$\sum_{s, t \geq 0} \frac{\left| q^{-m} ; q \right|_{s+t} \left| \gamma q^m/\alpha ; q \right|_{s+t} \left| \gamma q^m/\beta ; q \right|_{s+t}}{\left[\gamma q^m ; q \right]_{s+t} \left[\nu q^m/\alpha\beta ; q \right]_{s+t} \left[(c') ; q \right]_{s+t}}$$

$$\times \frac{[(f); q]_s [(g); q]_t y^s z^t q^{\lambda t(t+1)/2}}{[(f'); q]_s [(g'); q]_t [q; q]_s [q; q]_t}$$

$$\times {}_3\phi_2\left[\alpha, \beta, q^{-m+s+t}; \gamma q^{m+s+t}, q^{1-2m}; \alpha\beta/\gamma; q, q\right]$$

अब आन्तरिक सालशुत्सियन 3 ϕ_2 (स्लेटर 1966, IV, 4, p. 24) का मान ज्ञात करने पर हमें (3.1) का दक्षिण पक्ष प्राप्त होता है। इससे (3.1) सिद्ध होता है। (3.2) की उपपत्ति को (2.4) की ही तरह विकसित किया जा सकता है। इसके पूर्व डेनिस[5] द्वारा दिये गये परिणामों को (3.1) तथा (3.2) में $c = c'$, $f = b$, $f' = c$ मान कर $Z \to 0$ बनाकर प्राप्त किया जा सकता है।

निर्देश

1. ऐंड्रूज, जी. ई. : SIAM Review 1974, 61, 441-484.
2. वही. : Problems and Prospects for Basic Hypergeometric Functions. In Theory and Application of Special Functions, ed. R.A. Askey (Academic Press), New York, 1975.
3. बैली, डब्लू. एन. : Jour. London Math. Soc. 1947, 22, 237-240.
4. कार्लिट्ज, एल. : Rendi, Sem. Math. Univ. Padova, 1967, 37, 230-233.
5. डेनिस, आर. वाई. : J. Indian Acad. Math. 1988, 10 (2), 64-67.
6. जैक्सन, एफ. एच. : Quart. J. Math. (Oxford) 1942, 13, 69-82.
7. सरन, एस. : Indian J. Pure Appl. Math. 1980, 11, 41-46.
8. वही. : Indian J. Pure Appl. Math 1982, 13, 1132-1135.
9. सक्सेना, आर. के. तथा गुप्ता, आर. के. : Indian J. Pure appl. Math. 1990, 21, 574-581.
10. वही. : Indian J. Pure appl. Math. 1990, 21, 1009-1013.
11. सियर्स, डी. बी. : Proc. Lond. Math. Soc. 1951, 52, 467-483.
12. सिंघल, पी. बी. : Indian J. Pure appl. Math. 1971, 2, 610-614.
13. स्लेटर, एल. जे. : Generalized Hypergeometric Functions, Cambridge University Press, Cambridge, London and New York, 1966.
14. श्रीवास्तव, एच. एम. : Proc. Cambridge Phil. Soc. 1967, 63, 425-429.
15. श्रीवास्तव, एच. एम. तथा कार्लसन, पी. डब्लू. : Multiple Gaussian Hypergeometric Series, John Wiley and Sons, Yew York, Chichester, Brisbane and Toranto, 1985.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 45, No. 4, October 2002.

चने के मूल ग्रन्थि रोग तथा मूल परिवेशी मृदा पर विभिन्न पत्तियों के अर्क का प्रभाव

गोपाल पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय तथा हेमलता पन्त
बायोवेद शोध एवम् प्रसार केन्द्र, 103/42 मोती लाल नेहरू मार्ग, इलाहाबाद (उ. प्र.)

[प्राप्त — जून 20, 2001]

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में चने पर लगने वाले मूल ग्रन्थि रोग पर नीम, गेंदा तथा धतूरा की पत्तियों के अर्क की विभिन्न सांद्रताओं के साथ मूलग्रन्थि रोग के निदान के लिये प्रयोग किये गये। यह पाया गया कि सभी अर्क मूलग्रन्थि रोग की रोकथाम में सहायक थे। इनमें से सबसे अच्छा प्रभाव नीम की पत्तियों के अर्क (100%) का रहा, फिर क्रमशः गेंदे की पत्तियों का अर्क (100%), नीम अर्क (50%), गेंदा अर्क (50%), धतूरा की पत्तियों का अर्क (100%) तथा धतूरे अर्क (50%) का (दोनों प्रयोग गमला एवम् खेत में) था। सबसे ज्यादा फली की संख्या नीम अर्क (100%) में थी। नीम के अर्क (100%) से चने के पौधों की वृद्धि एवम् उपज सबसे अधिक देखी गयी। खेत में सबसे अधिक मूल-परिवेशी फफूँदी की संख्या नीम अर्क (100%) में थी। नीम अर्क (100%) से राइजोबियम तथा ऐजोटोबैक्टर जीवाणुओं की संख्या सबसे अधिक थी।

Abstract

Effect of different plant extracts of different concentrations on root-knot nematode and its rhizosphere soil in chick pea (cicer-arietinum L.) *By* Gopal Pandey, Rajesh Kumar Pandey and Hemlata Pant, Bioved Research and Communication centre, 103/42, M.L.N. Road, Allahabad, U.P.

Present study deals with the effect of different plant extracts on the root-knot nematode in chickpea. For the purpose, different leaf extracts viz. neem, marigold and dhatura leaf extracts of two

concentrations (100 % and 50%) were used.

All the leaf extracts were found effective for the control of root-knot nematode. Better performance was noted with neem leaf extract (100%) followed by marigold leaf extract (100%), neem extract (50%), marigold extract (50%), dhatura extract (100%) and dhatura extract (50%). Higher number of pods were recorded where neem extract (100%) was used. Higher growth parameters and maximum amount of yield were recorded with neem extract (100%). Higher number of Rhizosphere fungi, Rhizobium and Azotobacter bacteria were recorded with neem extract (100%) under field conditions.

चना मुख्य दलहनी फसल है। इसकी खेती लगभग 72 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जाती है तथा इसका वार्षिक उत्पादन 50 लाख टन है। चना में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जो अन्य अनाजों में पाये जाने वाले प्रोटीन से 2-3 गुना अधिक है। हमारे देश में माँग के हिसाब से पैदावार कम हो रही है। चने का उत्पादन कम होने का मुख्य कारण कीट-व्याधियों का अधिक प्रकोप एवम् चने की जोत के क्षेत्रफल में कमी है। चने की जड़ों में मूलग्रन्थि रोग का प्रकोप ज्यादा होता है जिससे चने की पैदावार में कमी आती है।[8, 9] विश्व स्तर पर चने में पादप परजीवी सूत्रकृमि से 13.7% की हानि होती है।[1]

रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से पादप रोगों की रोकथाम महँगी पड़ती है तथा इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। इसके विकल्प के रूप में हरी खाद, विभिन्न प्रकार की खलियाँ, वानस्पतिक कीटनाशी तथा जैव नियंत्रक कारकों का प्रयोग उपयुक्त होता है। इस दिशा में कुछ वैज्ञानिकों को सार्थक परिणाम प्राप्त हुये हैं।[18, 9, 6, 10, 11] इसी को ध्यान में रखते हुये हमने चने के मूल ग्रन्थि रोग तथा मूल परिवेश मृदा पर विभिन्न पत्तियों के अर्क की विभिन्न सान्द्रताओं के प्रभाव का अध्ययन किया।

प्रयोगात्मक

यह प्रयोग बायोवेद शोध फार्म इलाहाबाद में गमलों तथा सूक्ष्म भूखण्डों में 2001-2002 में किया गया। विभिन्न पत्तियों जैसे नीम, गेंदा और धतूरा के अर्क को बायोवेद प्रयोगशाला में अर्क की मशीन (एक्सट्रैक्ट यूनिट) से निकाला गया तथा इन अर्कों को 100% और 50% की सांद्रता बनाकर प्रयोग किया गया। 35 गमलों (6 इंच व्यास के) तथा 7 सूक्ष्म भूखण्डों (1 × 1मी०) को प्रयोग के लिये तैयार किया गया। सभी गमलों को फार्मलीन (4%) से निर्जर्मित करके उनमें निर्जर्मीकृत मृदा भर दी गयी। चने की टाइप-3 प्रजातियों के बीजों को (4 बीज प्रति गमला एवम् भूखण्ड में) बो दिया गया। सात दिनों के बाद तीन पौधे उखाड़ दिये गये और एक पौधा प्रति गमला एवम् भूखण्ड में छोड़ दिया गया। बुआई के दस दिन बाद मूलग्रन्थियों से निकाले गये सूत्रकृमियों (मिलैडोगाइन इनकागनिटा) के तरुणों (जूवेनाइल्स) को 1000 तरुण प्रति पौधे प्रति गमले तथा सूक्ष्म भूखण्ड के हिसाब से तथा पत्तियों का अर्क 100% एवम् 50% सांद्रता के हिसाब से निवेशित किया गया।

मूलपरिवेश में पाये जाने वाले मृदाकवक, राइजोबियम एवम् ऐजोटोबैक्टर जीवाणुओं को जैनसन इत्यादि की विधि से विलगित किया गया। सूक्ष्म भूखण्डों से प्राप्त मृदा में सूत्रकृमियों का विश्लेषण साउथी विधि के द्वारा किया गया। जब फसल पकने के करीब हुई तो पौधों के वृद्धि मानकों, फली की संख्या, उपज, मूल ग्रन्थि की संख्या, ग्रन्थिका की संख्या, मूलपरिवेश में पाये जाने वाले कवक तथा जीवाणु की संख्या का निरीक्षण किया गया। सांख्यिकी गणना का विश्लेषण आर. बी. डी. विधि से किया गया।

परिणाम तथा विवेचना

दिये गये आकड़ों से यह परिणाम निकलता है कि विभिन्न पत्तियों के अर्क के प्रयोग से चने के पौधों की वृद्धि एवम् उपज प्रभावी रूप से बढ़ जाती है और मूल ग्रन्थि रोग का नियंत्रण सार्थक रूप से होता है। नीम की पत्ती के अर्क (100%) के प्रयोग से चने की वृद्धि एवं पैदावार सबसे अधिक हुई। इसका मुख्य कारण पौधों में तीव्र उपापचय की क्रिया सूत्रकृमियों की संख्या का घटना या मृदा में लाभदायक जीवाणुओं (राइजोबियम, ऐजोटोबैक्टर) की वृद्धि का होना है एवं मृदा में पोषक तत्वों की मात्रा का बढ़ना है।[9]

नीम की पत्ती के अर्क (100%) के प्रयोग से सबसे कम मूलग्रन्थियों की संख्या पायी गयी जिसका मुख्य कारण प्रत्यक्ष आविषालुता (**Direct toxecity**) का स्रावण हो सकता है या नीम की पत्ती के अर्क के अपघटन द्वारा मृदा से निकलने वाले आविषालु रसायनों (टॉक्सिक केमिकल) का स्रावण है। नीम के बाद क्रमशः गेंदे की पत्ती के अर्क (100%) का भी परिणाम सार्थक था, जिसका मुख्य कारण गेंदे के अर्क से निकलने वाले तत्व हैं जो सूत्रकृमियों को रुचिकर नहीं लगते। इसी प्रकार का परीक्षण अन्य वैज्ञानिकों ने किया[2, 5, 7] तो उन्होंने यह पाया कि नीम की पत्ती, नीम की खली, नीम की पत्ती का अर्क प्रयोग करने पर मूलपरिवेश के कवकों की संख्या में वृद्धि है किन्तु राइजोबियम तथा जीवाणुओं की संख्या में सार्थक वृद्धि होती है। इसका मुख्य कारण कवकों तथा जीवाणुओं को पर्याप्त मात्रा में पोषण तथा ऊर्जा प्राप्त होना है। ऐसे ही परिणाम अन्य वैज्ञानिकों द्वारा भी प्राप्त किये गये।[4, 9, 11, 13]

मूलपरिवेश मृदा में पाये जाने वाले पादप परजीवी सूत्रकृमियों की संख्या प्रयोग में लायी गयी सभी पौधों की पत्तियों के अर्क के प्रभाव में कम पायी गयी जिसका मुख्य कारण पत्तियों के अर्क से निकलने वाले आविषालु रसायनों का प्रभाव, या मृदा में पादप परभक्षी सूत्रकृमियों एवम् सूत्रकृमि विरोधी कवकों की संख्या में वृद्धि है। इसी तरह के प्रयोग अन्य वैज्ञानिकों द्वारा किये गये हैं।[5, 18, 16, 9]

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखकगण विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

सारणी 1 *विभिन्न पत्तियों के अर्क उपचार का चने की फसल पर प्रभाव*

(यह प्रयोग गमले में किया गया)

उपचार	पी. एच.	आर्द्रता (प्रति. में)	तने का भार (ग्राम में)	तने की लम्बाई (सेमी. में)	जड़ का भार (ग्राम में)	जड़ की लम्बाई (सेमी.)	ग्रन्थियों की संख्या	मूल ग्रंथियों की संख्या	फलियों की संख्या	उपज (ग्राम में)
नीम की पत्ती का अर्क (50%)	7.302	7.88	29.6	35.2	34.8	31.4	16	45.8	40.2	5.74
नीम की पत्ती का अर्क (100%)	7.14	8.26	50.2	50.4	45.6	37.6	8.4	7.3	6.2	7.46
गेंदे की पत्ती का अर्क (50%)	7.802	7.9	33	31.8	33.2	30.4	21.8	40.2	35.4	4.2548
गेंदे की पत्ती का अर्क (100%)	7.238	8.26	46.6	47.6	43.4	35.4	10	73.2	47.8	5.86
धतूरा की पत्ती का अर्क (50%)	7.554	6.19	22.2	24.6	28	20.2	62	31.4	25	3
धतूरा की पत्ती का अर्क (100%)	7.38	6.85	27.4	29.4	30.6	27.6	50.8	57.8	33.4	4.008
नियन्त्रण	8.344	5.08	14.8	16	19.6	16.8	85.6	28.4	12.8	1.536
एफ परीक्षण (P = 0.05)	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक
मानक विचलन (सी. डी.) (P = 0.05)	0.23049	4.8366	2.1618	2.3783	2.30147	2.6799	8.0872	6.1867	5.327049	0.6385

सारणी 2 : *विभिन्न पत्तियों के अर्क उपचार का चने की फसल तथा जीवाणुओं की संख्या पर प्रभाव*
(यह प्रयोग फार्म पर किया गया)

उपचार	पी. एच.	मृदा आर्द्रता (प्रति. में)	तने का भार (ग्राम में)	तने की लम्बाई (सेमी. में)	जड़ का भार (ग्राम में)	जड़ की लम्बाई (सेमी.)	ग्रन्थियों की संख्या	मूल ग्रंथियों की संख्या	फलियों की संख्या	उपज (ग्राम में)	राइजो बियम	ऐजोटो बैक्टर
नीम की पत्ती का अर्क (50%)	7.48	8.48	33.6	35.4	36.2	32.6	13.4	47.4	37.4	4.488	425	85
नीम की पत्ती का अर्क (100%)	7.13	9.92	99.4	51.8	46.4	38.6	5.8	77.8	60	7.2	445	125
गेंदे की पत्ती का अर्क (50%)	7.57	8.36	30.2	33	34.2	31.6	19.6	43	35.4	4.248	412	66.26
गेंदे की पत्ती का अर्क (100%)	7.17	9.48	47.4	51.2	44.6	36.4	7.8	76	50.4	6.048	438	116.6
धतूरा की पत्ती का अर्क (50%)	7.76	6.96	23.4	26.6	28.8	21.4	41.8	37.4	26.6	3.192	230.4	44.52
धतूरा की पत्ती का अर्क (100%)	7.52	7.44	29	30.2	32.6	28.8	31	60.6	34	4.08	338.4	86
नियन्त्रण	8.178	6.54	19.4	18.6	22	18.4	66.2	22	14.6	1.752	185	40
एफ परीक्षण (P = 0.05)	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक	सार्थक
मानक विचलन (सी. डी.) (P = 0.05)	0.1820301	0.623	2.4636	3.162112	2.	2.9348	4.116	6.3424	4.9187	.6124	—	5.37

सारणी 2 (क)

चने के मूलपरिवेश में कवकों की संख्या (10^3/ग्राम मृदा)

कवक का नाम	नीम की पत्ती का अर्क (50%)	नीम की पत्ती का अर्क (100%)	गेंदे की पत्ती का अर्क (५०%)	गेंदे की पत्ती का अर्क (१००%)	धतूरे की पत्ती का अर्क (५०%)	धतूरे की पत्ती का अर्क (१००%)	नियन्त्रण
एस्पर्जिलस नाइजर	18.3	23.61	19.6	26.27	15.75	15.57	14.75
ए. नोड्यूलेन्स	6.24	7.95	5.4	6.10	2.5	3	3.36
ए. फ्लेबस	7.2	8.9	6.3	7.8	7.2	8.2	4.3
कनिंघमेला	1.5	2.1	1.2	2.6	.86	1.2	2.7
फ्यूजेरियम जाति	1.02	—	0.7	—	1.3	.6	16.5
क्लेडोस्पोरियम हरबेरम	6.3	8.2	3.5	4.3	1.95	1.3	2.5
पेनिसीलियम सीटराइनम	4.6	5.6	3.9	4.2	2.1	3.2	1.5
पिथियम जाति	.18	.3	.9	—	1.2	.67	7.3
क्यूवेयूलेरिया कूनटा	—	—	—	—	1.2	.56	3.7
राइजोपस जाति	.63	—	.73	—	1.3	.78	4.8
म्यूकर जाति	.6	—	—	—	2.3	1.3	4.6
हेलमिन्थोस्पोरियम	—	—	—	—	.2	—	.72
ट्राइकोटसीलिंगनोरस	4.6	5.7	4.2	4.8	3.9	4.2	3.7
राइजोक्टोनियासोलेनी	—	—	—	—	—	—	—
कीटोनियमग्लोबोसम	.85	—	.59	—	1.63	1.3	2.6
योग	52.02	62.36	52.23	56.07	43.39	41.88	79.51

सारणी 2 (ख)

अर्क की विभिन्न सान्द्रताओं का चने के पादप परजीवी सूत्रकृमियों की संख्या (500 ग्राम मृदा के चारों ओर के मूल से) पर प्रभाव

सूत्र कृमियों के नाम	नीम की पत्ती का अर्क 50%)	नीम की पत्ती का अर्क (१००%)	गेंदे की पत्ती का अर्क (५०%)	गेंदे की पत्ती का अर्क (१००%)	धतूरा की पत्ती का अर्क (५०%)	धतूरा की पत्ती का अर्क (१००%)	नियन्त्रण
मेलाइडोगाइन तरुण	200	16	228	46	430	36.7	18450
होप्लोलाइमस	50	12	40	8	75	35	159
हेलीकोटाइलिन्कस	1.3	—	24	—	39	26	56
टाइलिन्कस	—	—	—	—	2	—	5
रोटाइलिन्कस	—	—	—	—	16	7	23
टाइलिन्कोरिन्कस	3	—	17	—	92	37	175
जीफिनिमा	5	—	12	—	25	13	75
लांगीडोरम	—	—	—	—	1.20	—	7.30
हेटरोडेरा	3	—	6	—	9	8	17
योग	274	28	327	54	689	493	18967.3

निर्देश

1. ग्रेको. एन : निमैटोड एण्ड दयर कन्ट्रोल इन चिक पी। इन : द चिक पी (सम्पादक सक्सेना एम. सी. एण्ड सिंह के. बी.) वार्लिग फोर्ड, आक्स ऑन यू. के. सी. ए. बी. इण्टर नेश्नल, 1987, पृष्ठ 271-281.

2. हमीद, एस. एफ. : इण्डियन जर्नल एग्री साइन्स, 1970, 40, 207-210.

3. जान्सन, एस. एफ., कर्ल, ई. ए., गोन्ड, जे. एच. तथा एरीबर्ग, एच. ए. : मेथड्स फार स्टटीइंग सॉयल माइक्रोफ्लोरा-पलान्ट रिलेशनशिप। बगीश पब्लीकेशन। 1959.

4. खालिस, एन. तथा मनोहरा, चेरी, सी. : इण्डियन फाइटोपैथो, 1985, 38, 462-466.

5. कालीराम तथा गुप्ता, डी. सी. : इण्डियन जर्नल आफ निमैटोलॉजी, 1982, 12, 221-225.

6. मिश्रा, एस. डी. तथा द्विवेदी, बी. के. : सिगनीफिकेन्स ऑफ बोटैनिकल्स इन द मैनेजमेन्ट ऑफ प्लान्ट पैरासिटिक निमैटोड—एग्रीकल्चर इन 21st सेन्चुरी : सम्पादक द्विवेदी एवम् अन्य, पृष्ठ संख्या 95-100, प्रकाशक बायोवेद शोध एवम् प्रसार केन्द्र इलाहाबाद 1998, पेज संख्या 1-185.

7. मजूमदार, वी. तथा मिश्रा, एस. डी. : करेन्ट निमैटोलॉजी, 1991, 2 (1), 27-32.

8. पाण्डेय, जी. : डी.फिल. थिसिस, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 1988.

9. पाण्डेय जी. तथा सिंह, के. पी. : न्यू एग्रीकल्चरिष्ट, 1990, 1 (1), 65-73.

10. पन्त, हेमलता तथा पाण्डेय, जी. : एनल्स ऑफ प्लान्ट प्रोटक्शन साइन्सेज, 2001, 9 (1), 159-167.

11. पन्त, हेमलता, पाण्डेय, जी. तथा द्विवेदी, बी. के. : न्यू एग्रील्चरिष्ट, 2000, 11 (1, 2), 59-63.

12. पाण्डेय जी, द्विवेदी, बी. के. तथा सिंह, आर. बी. : न्यू एग्रीकल्चरिष्ट, 1991, 2 (2), 203-206.

13. रेड्डी, जी. एस. तथा राव, ए. एस. : इण्डियन जर्नल माइक्रोबायो., 1966, 5, 53-58.

14. साउथी, जे. एफ. : लेबोरेटरी मेथड फार वर्क विद प्लन्ट एण्ड सॉयल निमैटोड, टेक्निकल बुलेटिन एच. एम. न. **2** एच. एम. एस. ओ. लन्दन, 1970.

15. सिद्दीकी, एम. ए. तथा आलम, एम. एम. : पाकिस्तान जर्नल ऑफ निमैटोलॉजी, 1988, 6, 55-63.

16. वही : इण्डियन जर्नल ऑफ निमैटोलॉजी, 1988, 18 (2) : 335-337.

17. शर्मा, एस. बी. तथा मैकडोनाल्ड, डी. : क्राप प्रोटेक्शन, 1990, 9, 453-458.

18. सिंह तथा सीतारमैया : प्लान्ट डिज़ीज रिपोर्टर, 1966, 50, 668-672.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 45, No. 4, October 2002.

लीगेन्ड्र श्रेणी की एकसमान (N, p, q) संकलनीयता

श्याम लाल तथा वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी
गणित विभाग, हार्कोर्ट बटलर टेक्नालाजिकल इंस्टीट्यूट, नवाबगंज, कानपुर (उ. प्र.)

[प्राप्त — जुलाई 19, 2002]

सारांश

प्रस्तुत प्रपत्र में लीगेन्ड्र श्रेणी की एक समान (N, p, q) संकलनीयता पर एक नवीन प्रमेय की स्थापना की गई है। यह प्रमेय कई ज्ञात परिणामों का सार्वीकरण करती है।

Abstract

On uniform (N, p, q) summability of Legendre series. *By* Shyam Lal and Virendra Nath Tripathi, Department of Mathematics, Harcourt Butler Technological Institute, Nawabganj, Kanpur (U.P.)

In this paper a new theorem on uniform (N, p, q) summability of Legendre series has been established. This theorm generalizes several known results.

1. प्रस्तावना

लीगेन्ड्र श्रेणी की (c, a) हार्मोनिक तथा (N, p_n) संकलनीयताओं की विवेचना कई शोधकर्ताओं ने की है[1, 3, 4, 5, 6, 8, 12, 13]। द्विवेदी ने[16] पहली बार लीगेन्ड्र श्रेणी की नार्लुण्ड संकलनीयता पर कार्य किया किन्तु एकसमान (N, p, q) संकलनीयता विधि से लीगेन्ड्र श्रेणी पर कोई कार्य नहीं हुआ।

2. परिभाषाएं तथा संकेतन

$-1 \leq x \leq 1$ द्वारा परिभाषित अन्तराल में लेबेस्ग समाकलनीय फलन से सम्बद्ध लीगेन्ड्र श्रेणी है—

$$f(x) \sim \sum_{n=0}^{\infty} a_n P(x) \tag{1.1}$$

जहाँ
$$a_n = \left(n + \frac{1}{2}\right) \int_{-1}^{1} f(x) P_n(x)\, dx$$

तथा nवाँ लेबेस्क बहुपद $P_n(x)$ को निम्नांकित व्यंजक द्वारा परिभाषित किया जाता है।

$$\frac{1}{\sqrt{1 - 2xz + z^2}} = \sum_{n=0}^{\infty} P_n(x) z^n$$

माना कि p अनुक्रम $\{P_n\}$, $P_{-1} = 0$ को दर्शाता है। इसी तरह P के स्थान पर हम इसी तरह के संकेतनों का प्रयोग अक्षरों के रूप में करेंगे।

यदि p तथा q दो अनुक्रम हों तो संवलन $p*q$ को निम्नवत् परिभाषित किया जाता है–

$$(p*q)_n = \sum_{k=0}^{n} p_{n-k}\, q_k\,.$$

यह परिचित है और आसीन से पुष्ट किया जा सकता है कि संकलन की संक्रिया संचयी तथा साहचर्य है तथा $(p*1)_n = \sum_{k=0}^{n} P_k$, जहाँ 1 द्वारा अनुक्रम $\{1\}$ का बोध होता है।

माना कि $u_0(x) + u_1(x) + u_2(x) + \ldots$

कोई अपरिमित श्रेणी है और परिभाषित करती है

$$S_n(x) = \sum_{\upsilon=0}^{n} u_\upsilon(x)$$

माना कि $\{p_n\}$ तथा $\{q_n\}$ वास्तविक या संमिश्र अचरों के दो अनुक्रम हैं और हम लिखेंगे

$$R_n = \sum_{k=0}^{n} P_{n-k}\, q_k = (p*q)_n$$

यदि फलन $s = s(x)$ का अस्तित्व हो जिससे कि

$$\frac{1}{R_n} \sum_{\upsilon=0}^{n} P_\upsilon\, q_{n-\upsilon} \left(S_{n-\upsilon}(x) - s(x) \right) = 0\,(1) \text{ ज्योंज्यों } n \to \infty$$

समान रूप में सेट E में जिसमें $s = s(x)$ परिबद्ध हो तो श्रेणी $\sum_{\upsilon=0}^{n} u_{\upsilon}(x)$ योगफल $s(x)$ तक E में समान रूप से संकलनीय $N, p, q)$ है।

(N, p, q) माध्य की तीन महत्वपूर्ण विशिष्ट दशाएं इस प्रकार हैं—

(i) (N, p_n) माध्य जब $q_n = 1$ समस्त n के लिए

(ii) $(\overline{N}, q_n)$ माध्य जब $p_n = 1$ समस्त n के लिए

(iii) हर्मोनिक माध्य जब $p_n = \frac{1}{n+1}\ \forall n$ तथा $q_n = 1\ \forall n$

(N, p, q) विधि को नियमित होने के लिए आवश्यक पर्याप्त प्रतिबन्ध हैं—

$$\sum_{p_k=0}^{n} \left| p_{n-k}\, q_k \right| = o \left| (p * q)_n \right|$$

तथा $p_{n-k} = o \left| (p * q)_n \right|$ ज्यों ज्यों $n \to \infty$ प्रत्येक स्थिर $k \geq 0$, के लिए जिसमें $q_k \neq 0$

इस प्रपत्र में हम $\{p_n\}$ तथा $\{q_n\}_n$ को वास्तविक, अनृण तथा समस्वनिक अवर्धमान अनुक्रम के रूप में मानते हैं जिससे कि $R_n = \sum_{k=0} p_k\, q_{n-k} \to \infty$ ज्यों ज्यों $n \to \infty$.

हम निम्नांकित संकेतों का उपयोग करेंगे

$$\psi(t) = \psi(\theta, t) = f\{\cos(\theta - t) - f(\cos\theta)\}$$

$$\Psi(t) = \int_0^t |\psi(u)|\, du$$

$$N_n^{p,q}(t) = \frac{1}{R_n} \sum_{k=0}^{n} p_k\, q_{n-k} \frac{\sin(n-k+1)t}{\sin\left(\frac{1}{2}t\right)}$$

$R_t = R_{\left(\frac{1}{t}\right)}$ जहाँ t सूचित करता है $\frac{1}{t}$ के समाकल अंश को

3. ज्ञात प्रमेय

द्विवेदी ने लीगेन्ड्र श्रेणी की समान हार्मोनिक संकलनीयता पर निम्नांनिक प्रमेय की स्थापना की है

प्रमेय : यदि

$$\int_0^t |f(x \pm u) - f(x)|\, du = 0\left(\frac{t}{\log\frac{1}{t}}\right) \text{ ज्यों ज्यों } t \to +0$$

सेट E में समान रूप से अन्तराल (-1, 1) में परिभाषित है जिसमें $f(x)$ परिबद्ध हो तो श्रेणी (1.1) E से योगफल $f(x)$ में हार्मोनिक माध्यों से समान रूप से संकलनीय हो।

4. प्रमुख प्रमेय

इस प्रपत्र में उपर्युक्त प्रमेय एकसमान (N, p, q) संकलनीयता के लिए निम्नांकित रूप में सार्वीकृत की जा रही है—

प्रमेय : माना कि $\{p_n\}$ तथा $\{q_n\}$ दो वास्तविक अनृण तथा एकस्वरिक अवर्धमान अनुक्रम है ऐसे अचरों का जिससे कि

$$R_n = \sum_{k=0}^{n} p_k\, q_{n-k} \to \infty \text{ ज्यों ज्यों } n \to \infty$$

यदि

$$\int_0^t |f(x \pm u) - f(x)|\, du = o\left|\frac{\lambda(1/t)\, t}{\log(1/t)}\right| \text{ ज्यों ज्यों } t \to +0$$

समान रूप से एक सेट E में हो जो अन्तराल (-1,1) में परिभाषित हो जिसमें $f(x)$ परिबद्ध हो। तब लेगेन्ड्र श्रेणी (1.1) सेट E में योगफल $f(x)$ तक समान रूप में सार्वीकृत नार्लुण्ड माध्य (N, p, q) द्वारा संकलनीय है जहाँ $\lambda(t)$ t का एक धन अवर्धमान फलन है जिससे कि $\frac{\lambda(n)}{\log n} \to 0$ ज्यों ज्यों $n \to \infty$

5. प्रमेयिकाएँ

हमारी प्रमेय की उपपत्ति के लिए निम्नांकित प्रमेयिकाओं की आवश्यकता पड़ेगी।

प्रमेयिका (5.1)

$$\sum_{\nu=0}^{n} (2\nu + 1)\, P_\nu(x)\, P_\nu(y) = (n+1)\, Q_n(x, y)$$

जहाँ

$$Q_n(x, y) = \frac{P_{n+1}(y)\, P_n(x) - P_n(y)\, P_{n+1}(x)}{y - x}$$

यह तत्समक संकलन का क्रिस्टेफेल सूत्र कहलाता है।

प्रमेयिका (5.2) : $0 < \varepsilon \leq v \leq \pi - \varepsilon$ के लिए

$$P_n(\cos v) = \sqrt{\left(\frac{2}{\pi n \sin v}\right)}\left(\cos(n+1)v - \frac{\pi}{4}\right) + 0\left(n^{-3/2}\right)$$

प्रमेयिका (5.3) : हमारे प्रतिबन्ध के अन्तर्गत

$$\int_0^t |f\{\cos(\theta - v)\} - f(\cos\theta)|\, dv = o\left(\frac{\lambda(1/t)\, t}{\log(1/t)}\right)$$

जहाँ $x = \cos\theta$, $x + u = \cos\phi$ तथा $\theta - \phi = v$

इस प्रमेयिका की उपपत्ति फोआ के अनुसार[2] होगी

